विलयन और अणुसंख्यक गुणधर्म

सान्द्रता के पद :

○ % सान्द्रता

● % **भार/भार** (w/w) = $\frac{\text{विलेय का भार (ग्राम)}}{\text{विलयन का भार (ग्राम में)}}$ = विलेय का भार/विलयन का 100 gm

● ताप में परिवर्तन करने पर यह परिवर्तित नहीं होती है।

उदा. 10% w/w यूनिया विलयन = यूरिया के 10 gm विलयन के 100 gm में उपस्थित है।
= यूरिया 10 gm जल के 90 gm में उपस्थित है।

● % भार/आयतन = विलेय की ग्राम में संख्या / विलयन 100 mL

$$\% \text{ भार / आयतन} = \frac{\text{विलेय के ग्राम}}{\text{विलयन का mL में आयतन}} \times 100$$

● ताप परिवर्तन करने पर यह परिवर्तित होता है।

उदा. 10% (w/n) यूरिया विलयन = यूरिया के 10 gm, विलयन के 100 mL में उपस्थित है।
परन्तु 10 gm यूरिया जल के 90 ml में उपस्थित नहीं है।
तनु विलयन के लिए : विलयन आयतन = विलायक आयतन

● % आयतन/आयतन (v/v)

यदि विलेय और विलायक दोनों द्रव है = विलयन के प्रति 100 mL में विलेय का ml में आयतन

उदा. 10% v/v एल्कोहल एथेनॉल का जलीय विलयन = विलयन के 100 ml में एथेनॉल के 10 ml
$\neq$ 10 ml of C_2H_5OH in 90 ml of H_2O

○ **ग्राम/लीटर में विलयन का सामर्थ्य :**

विलयन के प्रति लीटर (1000 mL) में विलेय भार (भार में)

उदा. सुक्रोस विलयन तो gm/L 10%(w/v) में इसकी सान्द्रता बताइये
100 mL ..... 10 gm

$$\therefore 1000 \text{ mL} ..... \frac{10}{100} \times 1000 = 100 \text{ gm/L}$$

○ मोलरता M = विलयन के प्रति लीटर में विलेय के मोलों की संख्या

माना कि विलेय के मोल = n
विलायक के मोल = N

$$M = \frac{n}{V(\text{in L})} = \left(\frac{W}{M}\right) \times \frac{1000}{V \text{ in (mL)}}$$

विलेय के मोलों की संख्या = मोलतर × आयतन (L में)
विलेय के मिली मोलों की संख्या = मोलरता × आयतन (mL में)
यदि C_1M विलयन के V_1 mL को C_2M विलयन के V_2mL में मिलाया जाये (समान पदार्थ और विलेय)

$\therefore$ $C_f (V_1 + V_2) = C_1V_1 + C_2V_2$

$$C_f\left[\frac{C_1V_1 + C_2V_2}{V_1 + V_2}\right] = \frac{\text{कुल मोल}}{\text{कुल आयतन}}$$

● ताप परिवर्तन होने पर मोलरता परिवर्तित होती है। अर्थात् ताप पर निर्भर करती है।

○ **मोललता** = विलायक के प्रति 1 kg(1000 gm) में विलेय के मालों की संख्या

माना कि, विलेय के W ग्राम विलायक के w ग्राम में विलेय है (मोलर द्रव्यमान = m gm/mole)

$$\text{मोललता} = \left(\frac{W}{M}\right) \times \frac{1000}{W(g)} \qquad \text{मोललता} = \frac{\text{मोल} \times 1000}{\text{विलायक } W(g)}$$

● ताप परिवर्तन होने यह पर परिवर्तित नहीं होती है। अर्थात् ताप पर निर्भर नहीं करती है।

○ **नार्मलता**

- विलयन के प्रति लीटर में विलेय के ग्राम तुल्यांकों की संख $= \frac{\text{विलेय के ग्राम तुलयांकों की संख्या}}{\text{विलयन का लीटर में आयतन (L में)}}$
- विलेय के ग्राम तुल्यांक की संख्या = नार्मलता × आयतन (L में)
- तुल्यांकी भार $= \frac{\text{अणुभार}}{\text{n – कारक}}$
- ग्राम तुल्यांकी की संख्या $= \frac{\text{पदार्थ का भार}}{\text{तुल्यांकी की भार}} = \frac{\text{पदार्थ का भार}}{\frac{\text{अणुभार}}{\text{n – कारक}}}$

'n' कारक

(i) ऑक्साइड / अपचायक अभिकर्मक के यि :

ऑक्सी / अपचयन में भाग लेने वाले e^- की संख्या प्रति मोल अर्द्धभिक्रिया का ऑक्सीकरण / अपचयन

e.g. : $5e^- + 8H^+ + MnO_4^- \rightarrow Mn^{2+} + H_2O$ n - गुगांक = 5

(ii) अम्ल / क्षार अभिक्रिया के लिये :

विस्थापित H^+ आयनों की संख्या / अम्ल और क्षार के प्रति मोल में विस्थापित OH^- आयन

eg. : NaOH n-गुणांक = 1 H_2SO_4 n - गुणांक = 2

(iii) लवण के लिये

$$\left.\begin{array}{c} n = \text{धनायन का कुल आवेश} \\ \text{अथवा} \\ \text{ऋणायन का कुल आवेश} \end{array}\right\} \text{साधारण लवण}$$

e.e. : $Al_2(SO_4)_3$ n - कारक = धनायन पर आवेश = 2 × 3 = 6

○ **मोल प्रभाज** : द्विअंगी मिश्रण के लिए

$$X_{\text{विलय}} = \frac{\text{विलेय के मोल}}{\text{विलयन में कुल मोल}} = \frac{n}{n+N}$$

$$X_{\text{विलायक}} = \frac{\text{विलायक के मोल}}{n+N}$$

$$X_{\text{विलेय}} + X_{\text{विलायक}} = 1$$

○ **भाग प्रति मिलियन (ppm)**

(a) ppm (w/w) (भार / भार) $= \frac{\text{विलेय का भार (ग्राम में)}}{\text{विलयन का भार (ग्राम में)}} \times 10^6 = 1\text{million}$

(b) ppm (w/v) (भार / आयतन) $= \frac{\text{विलेय का भार (ग्राम में)}}{\text{विलयन का भार (ली. में)}} \times 10^6$

(c) ppm (मोल / मोल) $= \frac{\text{विलेय के मोल}}{\text{विलयन के मोल}} \times 10^6$

नाम	इकाई	लाभ	हानियाँ
मोलरता (M)	मोल / लीटर	रससमीकरणमिति में सहायक, आयतन द्वारा मापित	ताप पर निर्भर, विलायक का भार ज्ञात करने पर हेतु घनत्व आवश्यक
मोल प्रभाव (X)	कोई इकाई नहीं	ताप पर निर्भर नहीं विशेष सिद्धान्तों में सहायक	भार द्वारा मापित : मोलरता में परिवर्तन हेतु घनत्व आवश्यक
भार %	%	ताप पर निर्भर नहीं : सूक्ष्म मात्रा के लिये सहायक	भार द्वारा मापितः मोलरता में परिवर्तन हेतु घनत्व आवश्यक
मोलरता (m)	मोल/kg	ताप पर निर्भर नही : विशेष विद्धान्तों में सहायक	भार द्वारा मापित : मोलरता में परिवर्तन हेतु घनत्व आवश्यक

अणुसंख्यक गुणधर्म और संरचनात्मक गुणधर्म :

● **अणुसंख्यक गुणधर्म :**
विलयन का वह गुण जो केवल कणों की कुल संख्या पर निर्भर करता है या विलयन में कणों की कुल सान्द्रता ये कणों की प्रकृति पर निर्भर नहीं करती जैसे कण के आकार आकृति उदासीन/आवेश आदि।

● **संरचनात्मक गुणधर्म :**
वह गुण जो कण की प्रकृति पर निर्भर रहते है। संरचनात्मक गुणधर्म कहलाते है जैसे विद्युतीय चालकता । यहां विलयन के 4 अणुसंख्यक गुणधर्म है।

- परासरण दाब
- वाष्प दाब में आपेक्षित अवनमन $\left(\frac{\Delta P}{P}\right)$
- क्वथनांक में उन्यन (ΔT_b)
- हिमांक (गलनांक) में अवनमन (ΔT_f)

● **परासरण और परासरण दाब :**
परासरण और विसरण :

विसरण (Diffusion): कणों का उच्च सान्द्रित क्षेत्र से निम्न सान्द्रित क्षे की ओर लगातार बहाव मिश्रण कहलाता है।

उदा.



परासरण :
विलायक के कण जब उच्च सान्द्रित विलयन से निम्न सान्द्रित की और अर्द्ध पारमग्य झिल्ली (SPM) में होकर जाते है यह घटना परासरण कहलाती है।

अर्द्धपारगम्य झिल्ली (SPM) ऐसी झिल्ली जो केवल विलायक के कणों को ही अपने में से निकलने देती है।
(a) उदासीन अर्द्ध पारगम्य झिल्ली
(i) जन्तु/पेडों की कोशिका झिल्ली की बाहरी त्वचा के नीचे बनती है।
(b) झिल्ली बनाई भी जाती है : कॉपर फेरोसायनाइड
$Cu_2[Fe(CN)_5]$ & Ne, Fe, Co के सिलीकेट (SPM अर्द्ध पारगम्य झिल्ली की तरह कार्य करते है।

परासरण की प्रक्रिया :

एक अर्द्ध पारगम्य झिल्ली के द्वारा बल्ब के अंदर का विलयन बीकर शुद्ध विलायक से पृथक किया जाता है विलायक बीकर से अर्द्ध पारगम्य झिल्ली के द्वारा निकलकर ट्यूब में तरल को बढ़ा देते है तब तक कि साम्यावस्था नहीं आ जाती साम्यवस्था पर द्रव स्तम्भ के द्वारा ट्यूब में उत्पन्न परासरण दाब विलायक की पर्याप्त मात्रा को पुनः आने से रोकते हैं।
यद्यपि विलेय का झिल्ली द्वारा दोनों दिशाओं से गमन होता है शुद्ध विलायक के ओर से विलयन की ओर गमन अधिक तथा तीव्र होता है जिसके परिमणामस्वरूप शुद्ध विलेय की ओर द्रव की मात्रा घटती है तथा द्रव की मात्रा विलयन की ओर बढ़ती है तथा विलयन की सान्द्रता घटती है।



Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

परासरण दाब :

विलयन स्तम्भ के द्वारा साम्य यांत्रिक (hydrostatic) दाब उत्पन्न होता है जब इसे अर्द्ध पारगम्य झिल्ली द्वारा विलायक से अलग करते है। यह विलयन का परासरण दाब (O.P.) कहलाता है।



$\pi = \rho gh$ ρ = विलयन का घनत्व

g = गुरूत्व के कारण त्वरण h = ऊंचाई

1 atm = 1.013 × 10^5 N/m^2 ; 10^5

परिभाषा :

परासरण के प्रक्रम को रोकने के लिये बादर से विलयन पर लगे दाब को विलयन का परासरण दाब कहलाता है।

$C_1 > C_2$ कण की गति

$P_{ext.} = (\pi_1 - \pi_2)$

$P_{ext.}$ उच्च सान्द्रता की तरह से लगाया जाता है।

पश्च परासरण :

जब विलयन पर लगा बाहरी दाब परासरण दाब से अधिक हो जाता है तब विलायक के कण, विलयन से विलायक की और गति करते है। यह प्रक्रम पश्च (विपरीत) (उल्टा) परासरण कहलाता है।

उपरोक्त परासरण दाब को मापने के लिये ब्रेकले : हार्टले अपरण / विधि का उपयोग होता है।

● **वॉन्ट हॉफ सूत्र** (परासरण दाब की गणना के लिये)

$\pi \propto$ सान्द्रता (मोलरता)

$\propto T$

$\pi = CST$

S = आदर्श विलयन नियतांक $\pi = \text{atm.}\begin{cases} C - \text{mol/lit.} \\ R - 0.082\,\text{lit.atm.mol}^{-1}K^{-1} \\ T - \text{kelvin} \end{cases}$

= 8.314 J mol^{-1} K^{-1} (exp value)

= R (आदर्श गैस) नियतांक

$\pi = CRT = \frac{n}{V}RT$ (आदर्श गैस समीकरण के समान)

● आदर्श गैस विलयन के विलेय के कण बिना किसी रूकावट के यादृच्छिक गति करते है।

$\therefore$ C = सभी प्रकार के काणों की कुल सान्द्रता

$= C_1 + C_2 + C_3 + s......$

$= \frac{(n_1 + n_2 + n_3 + ...)}{V}$

विलयन के प्रकार :

(a) समपरासरण दाबी : दो विलयन जिनके परासरण दाब बराबर है।

$\pi_1 = \pi_2$ (समान ताप पर)

(b) यदि $\pi_1 > \pi_2$ विलयन उच्च आयतनीय विलयन 2nd है तो प्रथम विलयन अतिपरासरण दाबी (Hypertonic) है।

(c) प्रथम विलयन के सापेक्ष द्वितीय विलयन अल्प परासरण दाबी (Hypotonic) है।

● असाधरण अणुसंख्यक गुणधर्म (Abnormal Colligative Properties):

वॉन्ट–हाफ संशोधन

● यदि विलेय विलयन से संयुग्मित हो या विलेयित हो जाये तब प्रयोगों से ज्ञात हुआ है कि अणुसंख्ययक गुणों का वास्तविक मान सैद्धान्तिक दिये मानों से अलग है इसलिये ये असाधरण अणुसंख्यक गुण कहलाते है।

इस असाधरणता कि गणना हॉफ कारक के पदों में की जा सकी है।

● वॉन्ट–आफ में वियोजन/संयोजन की सीमा के निर्धारण के लिये एक गुणांक **(*i*)** जिसे वॉन्ट–हाफ गुणांक कहते है। प्रतिपादित किया।

वॉन्ट–हाफ गुणांक : $i = \frac{\text{प्रयोग/प्रेक्षण/वास्तविक अणुसंख्यक गुणों का असाधारण मान}}{\text{अणुसंख्यक गुणों का सैद्धान्तिक मान}}$

● यदि विलयन में विलेय संयोजित या वियोजित होता है तब प्रयोगात्मक/प्रेक्षाणात्मक/अणुसंख्यक गुणधर्म के वास्तविक मान, सैद्धान्तिक मान से भिन्न होंगे। इसलिए इसे असाधारण गुणधर्म कहते है।

● इस असामान्यता की वॉन्ट–हाफ गुणांक के संदर्भ में गणना की जा सकती है।

$$i = \frac{\text{exp/ observed / actual / abnormal value of colligative property}}{\text{Theoretical value of colligative property}}$$

$$= \frac{\text{प्रायोगिक/प्रेक्षित कणों की संख्या/सान्द्रता}}{\text{सैद्धान्तिक कणों की संख्या}} = \frac{\text{पदार्थ का सैद्धान्तिक द्रव्य मान}}{\text{पदार्थ का प्रायोगगिक मोलर द्रव्य मान}}$$

$i > 1$ वियोजन

$i < 1$ संयोजन

$$i = \frac{\pi_{exp.}}{\pi_{theor}}$$

● **संशोधिक सूत्र** : $\therefore \quad \pi = iCRT$

$$\pi = (i_1C_1 + i_2C_2 + i_3C_3.....)RT$$

Case - I : वियोजित विद्युतअपघट्य

i & α में संबंध (वियोजन की दर) :

माना $A_x . B_y$ वैद्युत अपघट्य (इलेक्ट्रोलाइट) है।

$$A_xB_y\,(aq.) \longrightarrow xA^{y+} + yB^{x-}$$

t = 0	C	0	0
t_{eq}	$C(1 - \alpha)$	$xC\alpha$	$yC\alpha$

$\therefore C - C\alpha + xC\alpha + yC\alpha$

$= c[1 + (x+y - 1)\ \alpha]$

$= c[1 + 9N-1)\ \alpha]$.

$n = x + y$

= कणों की संख्या जिसमें (इलेक्ट्रोलाइट) विद्युत अपघट्य का 1 अणु वियोजित होता है।

$$i = \frac{c[1 + (n-1)\alpha]}{c}$$

$$i = 1 + (n-1)\alpha$$

Case - II : संयोजित विद्युतअपघट्य

संयोजन की दर β **&** i **में संबंध**

	nA	$\longrightarrow$	A_n.
t = 0	C		0
t_{eq}	$C(1 - \beta)$		$\frac{C\beta}{n}$

$$\Rightarrow C - C\beta + \frac{C\beta}{b} \Rightarrow \quad C\left[1 + \left(\frac{1}{n} - 1\right)\beta\right]$$

$$i = 1 + \left(\frac{1}{n} - 1\right)\beta$$

- **वाष्प दाब में आपेक्षिक अवनमन (RLVP) :**

● वाष्प दाब :

द्रव्य का वाष्प में परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से इस प्रकार देखा जा सकता है कि सभी परिस्थितियों में जब द्रव्य को गर्म किया जाता है जैसे कि चित्र में दिखाया गया है।



कहा गया है 5 ग्राम द्रव्य बचता है t_{eq} पर

सम्य पर : वाष्पन की दर = संघनन की दर

$$H_2O(\ell) \rightleftharpoons H_2O(g)$$

$K_p = P_{H_2O(g)eq.}$

$\therefore$ अंतिम



- यद्यपि पृथक रूप से अणु स्थिर से रूप से एक प्रावस्था से दूसरी प्रावस्था में आ जाते है तब दोनों द्रव्य अवस्था में अणुओं की कुल संख्या अपरिवर्तित हाती है।
- द्रव्य की वाष्प अवस्था के द्वारा दाब उत्पन्न होता है जबकि वाष्प तथा इसकी द्रव्य अवस्था के मध्य साम्यवस्था स्थापित हो जाती तो इसे वाष्प दाब कहा जाता है।
- अभिक्रिया का वाष्प दाब (K_P) का साम्य स्थिरांक है।

  द्रव्य $\rightleftharpoons$ वाष्प
- चूंकि वाष्प दाब साम्य स्थिरांक है इसलिए इसका मान एक निश्चित द्रव्य के लिए केवल ताप पर निर्भर करता है।
- यह द्रव्य के पृष्ठ क्षेत्रफल पर ली गई द्रव्य की मात्रा पात्र के आयतन व आकार पर निर्भर नहीं करती है। यह दिये गए द्रव्य के लिए अभिलाक्षणिक स्थिरांक है
- द्रव्य वाष्प दाब का आंकिक मान करता है अंतर्राण्विक बल तथा ताप के परिमाप पर निर्भर करता ळै अन्तर्राण्विक बल का दुर्बल, वाष्प दाब उच्च क्योंकि अत्याधिक ढीले अणु अधिक सरलता से बाहर निकलते है।
- उच ताप, उच्च दाब उच्च क्योकि अणु के एक बड़े भाग के पास बाहर निकालने के लिए प्रर्याप्त गतिज ऊर्जा है।

$$P_{vap} = \left(\frac{\Delta H_{vap}}{R}\right)\frac{1}{T} + C$$ (सैल्सियस – क्लेप्रिओन समीकरण)

जहाँ ΔH_{vap} = द्रव्य वाष्पन उष्मा R = गैस स्थिरांक C = द्रव्य का एक अभिलाक्षणिक स्थिरांक

- **विलयन का वाष्प दाब**

  अवाष्पशील विलेय (ठोस विलेय) के विलयन का वाष्प दाब हमेशा कम पाया जाता है। शुद्ध विलायक के वाष्प दाब की तुलना में।
- **कारण :** विलेय के कुछ कण का विलयन का कुछ पृष्ठ क्षेत्रफल घेरते है। इसलिए विलेय के कणों की वाष्प अवस्था में जाने की प्रवृति धीरे–धीरे कम होती है।



विलायक

$P_s < P$



विलयन

$P_s < P$

वाष्प दाब (VP) में अवनमन $P - P_S = \Delta P$

वाष्प दाब में आपेक्षिक अवनमन $= \frac{\Delta P}{P}$

- **राऊल्ट का नियम :–** (अवाष्पशी विलेय के लिये)

  प्रायोगिक वाष्प दाब में आपेक्षिक अवनमन = विलयन में अवाष्पशील विलेय का मोल प्रभाज

$$RLVP = \frac{P - P_S}{P} = X_{solute} = \frac{n}{n+N}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{P}{P - P_S} = \frac{n+N}{n} = 1 + \frac{N}{n}$$

$$\frac{N}{n} = \frac{P}{P - P_s} - 1 = \frac{P - P + P_s}{P - P_s} = \frac{P_s}{P - P_s}$$

$$\frac{P - P_s}{P_s} = \frac{n}{N}$$

$$\frac{P - P_s}{P_s} = \frac{w}{m} \times \frac{M}{W} = \frac{w}{M} \times \frac{M}{W} \times \frac{1000}{1000} = \frac{w}{m} \times \frac{1000}{W} \times \frac{M}{1000}$$

$$\frac{P - P_s}{P_s} = (\text{मोललता}) \times \frac{M}{1000} \qquad (M = \text{विलायक का मोलर द्रव्यमान})$$

- यदि विलेय संयोजित या वियोजित होता है।

$$\frac{P - P_s}{P_s} = \frac{i.n}{N}$$

$$\frac{P - P_s}{P_s} = i \times (\text{मोललता}) \times \frac{M}{1000}$$

- **ओस्टवाल्ड् वॉल्कर विधि :**

  $\frac{\Delta P}{P}$ या $\frac{\Delta P}{P_s}$ प्रायोगिक और प्रयोगशाला में निर्धारण



- ○ प्रयोग प्रारम्भ करने से पहले सेट में विलयन का भार, पात्र में विलायक का भार और निर्जलीकृत कारक का भार लिखो।
- ○ पात्र प्रारम्भ करने से पहले सेट में विलयन का भार, पात्र में विलायक का भार और निर्जलीकृत कारक का भार लिखो। पात्र में विलयन के भार में कमी αP_s.

  पात्र में विलायक के भार में कमी $\alpha(P - P_s)$

  निर्जलीय अभिकारक के भार में वृद्धि αP.

$$\frac{P - P_s}{P_s} = \frac{\text{विलायक के भार में कमी}}{\text{विलयन के भार में कमी}}$$

$$\frac{P - P_s}{P} = \frac{\text{विलायक के भार में कमी}}{\text{निर्जलीय कारक का भार में वृद्धि}}$$

- **क्वथनांक में उन्नयन** (ΔT_b)
  - **एक द्रव्य का क्वथनांक बिन्दु :**

    वह ताप जिस पर द्रव्य का वाष्प दाब, द्रव्य के पृष्ठ पर उपस्थित बाहरी दाब के बराबर हो जाये वह दाब उस द्रव्य का क्वथ्नांक बिन्दु (B.P.) कहलाता है।

- **साधरण क्वथनांक बिन्दु :**

वह ताप जिस पर कोई द्रव उबलना प्रारम्भ करता है जब बाह्य दाब 1 atm होता है उसे द्रव का साधारण क्वथनांक (T_b) कहते है।

$H_2O(\ell) \rightleftharpoons H_2O(g) \qquad \Delta H = +ve$

$K_p = P_{H_2O(g)/eq.}$

$$\ln\left(\frac{K_{p_2}}{K_{p_1}}\right) = \frac{\Delta H}{R}\left\{\frac{1}{T_1} - \frac{1}{T_2}\right\}$$

$$\ln\left(\frac{P_2}{P_1}\right) = \left(\frac{\Delta H_{vap.}}{R}\right)\left\{\frac{1}{T_1} - \frac{1}{T_2}\right\}$$ (सेल्सियस – क्लेप्रिओन समीकरण)

$$\ln\left(\frac{P}{P_0}\right) = \left(\frac{\Delta H}{R}\right)\left\{\frac{1}{T_0} - \frac{1}{T}\right\}$$

$$\ln P = \left(\ln P_0 + \frac{\Delta H}{RT_0}\right) - \frac{\Delta H}{RT}$$





किसी विलयन का क्वथनांक बिन्दु (B.P.) %

● जब विलयन का वाष्पदाब शुद्ध विलायक के वाष्पदाब से किसी ताप पर छोटा होता है। इसे $P_{ext.}$ बाहरी दाब के बराबर बनाने के लिये हमें विलयन का ताप शुद्ध विलायक की तुलना में बहुत ज्यादा बढ़ाना पड़ता है।



$\Delta H_{\text{विलायक की वाष्प}}$; $\Delta H_{\text{विलयन की वाष्प}}$

केवल वियल के कण ही वाष्प में जा रहे है।

$\therefore \qquad \Delta T_s > \Delta T$





$$\Delta S = \frac{\Delta H}{T}$$

$$\Delta S_{\text{वाष्प}} = \frac{\Delta H_{\text{वाष्प}}}{T_{bp}}$$

$$\Delta S_{\text{विलायक की वाष्प}} = \frac{\Delta H}{T_{b,\text{विलायक}}}$$

$$\Delta S_{\text{विलयन की वाष्प}} = \frac{\Delta H}{T_{b,\text{विलयन}}}$$

$\Delta S_{\text{विलायक की वाष्प}} > \Delta S_{\text{विलयन की वाष्प}}$

$T_{b\,\text{विलायक}} > \Delta T_{b,\text{विलयन}}$

आरेख :



- यदि विलयन तनु है तब BR & CD लगभग सीधी रेखा हो सकती है।

$\therefore$ ΔABE & ΔACD समान होंगे।

$$\frac{AB}{AC} = \frac{AE}{AD}$$

$$\frac{\Delta T_{b1}}{\Delta T_{b2}} = \frac{\Delta P_1}{\Delta P_2}$$

$\therefore$ $\Delta T_b \alpha \Delta P$

राउल्ट नियट का उपयोग करने पर :

$$\frac{\Delta P}{P} = \frac{n}{n+N} = \frac{w}{M}.\frac{M}{W}.P$$

$\Rightarrow$ $\Delta T_b \alpha \frac{w}{m}.\frac{M}{W}.P$

$$= \left(\frac{w}{M} \times \frac{1000}{W}\right)\left(\frac{M}{1000}.P\right)$$

$\Rightarrow$ $\Delta T_b = K_b \times$ मोललता

- K_bविलायक के गुणधर्म पर निर्भर करता है तथा इसे विलायक के मोलर उन्नयन नियतांक से जाना जाता है।
- इसे क्वथनांक उन्नयन स्थिरांक भी कहते है।
- K_b = 1मोलर विलयन के क्वथनांक (BP)में उन्नयन

- **इकाई** $\frac{\Delta T_b}{\text{मोललता}} = \frac{K}{\text{mol/kg}} = K\,kg\,mol^{-1}$

उष्मागतिकी का उपयोग करने पर

- $K_b = \frac{RT_b^{\,2}}{1000 \times L_{vap}}$

$\therefore$ L_{vap} – is cal/gm or J/gm
R = 2 cal mol^{-1} cal^{-1} or 8.314 J....
T_b = b.p. of liq. (in Kelvin)
K_b = K kg mol^{-1}

- इस प्रकार $K_b = \frac{RT_b^{\,2}M}{1000 \times \Delta H_{vap}}$

ΔH_{vap} – वाष्पन की मोलर एन्थैल्पी

$$L_{\text{वाष्पन}} = \left(\frac{\Delta H_{vap}}{M}\right)$$

- यदि विलेय वियोजित / संयोजित प्राप्त हेाता है।

$\Delta t = i \times K_b \times$ मोललता

- **जमाब बिन्दु (ΔT_b) में अवनमन**

जमाव बिन्दु : जिस ताप पर ठोस का वाष्पदाब द्रव के वाष्प दाब के बराबर हो जाता है द्रव का जमाव बिन्दु कहलाता है। या ठोस गलनांक बिन्दु कहलाता है।



$\Delta H_{sub} > \Delta H_{vap.}$



$\Delta H_{sub} = \Delta H_{fusion} + \Delta H_{vap.}$

$H_2O(s) \rightleftharpoons H_2O(g)$

$K_p = P_{H_2O}(g)_{/eq.}$

= V.P. of solid

0^0C पर बर्फ के लिये ; K_p = बर्फ का $V_p \approx 4$mm of Hg.

$$\therefore \quad \ln\frac{P_2}{P_1} = \frac{\Delta H_{sub}}{R}\left\{\frac{1}{T_1} - \frac{1}{T_2}\right\}$$



- तनु विलयन के लिये BE तथा CD का सरल रेखा को मान सकते है।

$\therefore$ ΔS समान का उपयोग करने पर

$\Delta T_f \times \Delta P$

$\therefore$ $\Delta T_f = K_f .$ मोललता

- K_f = मोलल अवनमन नियतांक = क्रयोस्कोपिक नियतांक

$$K_f = \frac{RT_f^{\,2}}{1000 \times L_{fusion}} = \frac{RT_f^{\,2}M}{1000 \times \Delta H_{fusion}}$$

- जल के लिये T_f = 273 K & $L_{\text{गलित}}$ = 80 cal / gm

$$K_f = \frac{2 \times 273 \times 273}{1000 \times 80} = 1.86 K kg mol^{-1}$$

- हिमांक बिन्दु पर और उसके नीचे केवल विलायक के अणु ही जमेंगे विलेय के अणु नहीं जमेंगे (ठोस शुद्ध विलायक होगा)

$$\Delta S_{Fusion} = \frac{VH_{fusion}}{T_f P}$$



$\Delta S_{solution} > \Delta S_{solvent}$

विलयन का जमाव बिन्दु < विलायक का जमाव बिन्दु
इस 4 अणुसंख्यक गुणधर्मों की गणना केवल अवाष्पशील विलेय युक्त विलयन के लिये कहते है।

विलयन युक्त { वाष्पशील विलायक / वाष्पशील विलेय } द्रव विलयन / द्रव विलयन

दो वाष्पशील द्रव का मिश्रण
राउल्ट नियम (वाष्पशील मिश्रण के लिये)



{ द्रवित विलयन में A & B का मोल प्रभाज }

माना A, B दो वाष्पशील द्रव है।
A का आंशिक दाब = P_A & राउल्ट नियमानुसार (प्रयोगात्मक)

$P_A \propto X_A$

$\mathbf{P_A = X_A P_A^0}$

P_A^o - A का शुद्ध वाष्प दाब = (निश्चित ताप पर स्थिरांक)

इसी प्रकार $P_B \propto X_B$

$\therefore \quad P_B = X_B P_B^o$ (शुद्ध द्रव B का वाष्पदाब)

यदि $P_A^o > X_B^o$ $\therefore$ A,B की तुलना में अधिक वाष्पशील है।

$\therefore$ A का क्वथनांक बिन्दु < B का क्वथनांक बिन्दु

$\therefore$ डाल्टन के नियमानुसार

$P_T = P_A + P_B = X_A P_A^0 + X_B P_B^0$

X_A' = द्रव/विलयन वाष्प में A का मोल प्रभाज है।
X_B; = B का मोल प्रभाज है।
गैसीज मिश्रण के लिए डाल्टन नियम

$P_A = X_A P_A^0$

राउल्ट नियम जब द्रव तथा वाष्प साम्यावस्था में हो।

$P_A = X_A P_A^0$

X_A; $P_T = X_A P_A^0$

$P_B = X_B$ ' $P_T = X_B P_B^0$

$$X_A + X_B = 1 = \frac{X_A' P_T}{P_A^0} + \frac{X_B' P_T}{P_B^0}$$

$$\frac{1}{P_T} = \frac{x_A'}{P_A^0} + \frac{x_B'}{P_B^0}$$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

आरेखीय प्रदर्शन :



$P_A = X_A P_A^0$ & $P_B = X_B P_B^0$

$P_T = X_A P_A^0 + X_B P_B^0$

$P_T = X_A P_A^0 + (1 - X_A) P_B^0 = (P_A^0 - P_B^0) X_A + P_B^0$

$P_T = (1 - X_B) P_A^0 + X_B P_B^0 = (P_B^0 - P_A^0) X_B + P_A^0$

eg. $P_T = 150 + 200X_{ben.}$

A, B की तुलना में अधिक वाष्पशील होता है। $P_A^0 > P_B^0$

$P_T = P_A + P_B$.

● **आदर्श विलयन (मिश्रण)** : मिश्रण जो कि सभी ताप और संघटनों पर राउल्ट नियम का पालन करते है आदर्श मिश्रण/आदर्श विलयन के नाम से जाना जायेगा।

आदर्श विलयन की अभिलाक्षणिता

○ जब दो द्रव्यों के कणों के मध्य आकर्षण बल समान प्रकृति का हो और परिमाण भी समान हो आदर्श विलयन प्राप्त होता है।

○ अणु निश्चित रूप से समान प्रवृति के होते है तथा समान परिणाम रखते है।

A ------ A ⇒ A------B,
B--------B

○ $\Delta H_{mix} = 0$

○ $\Delta V_{mix} = 0$

○ $\Delta S_{mix} = +ve$ प्रक्रम धनात्मक के लिये लागू होता है।

○ $\Delta G_{mix} = -ve$

eg. (1) बेन्जीन + टालूईन (2) हेक्सेन + हेप्टेन (3) $C_2H_5Br + C_2H_5I$.

● **अनआदर्श विलयन :**

वह मिश्रण जो राउल्ट नियम की पालना नहीं करता अनआदर्श विलयन/आदर्श विलयन कहलाता है।

अनआदर्श विलयन दो प्रकार के होते है।

○ अनआदर्श विलयन जो धनात्मक विचलन दर्शाते है।

○ अनआदर्श विलयन जो ऋणात्मक विचलन दर्शाते है।

+ ve विचलन

● $P_{T,exp} > (X_A P^0_A + X_B P_B^0)$

● $\begin{matrix} A - - - - - A \\ B - - - - - B \end{matrix} > A - - - - B$

↓

आकर्षण का दुर्बल बल

● $\Delta H_{mix} = +ve$ **अवशोषित ऊर्जा**

● $\Delta V_{mix} = +ve$ (1L + 1L >2L)

● $\Delta S_{mix} = +ve$

● $\Delta G_{mix} = -ve$

-ve विचलन

● $P_T \exp < X_A p^0 + x_B p^0_B$

● $\begin{matrix} A - - - - - A \\ B - - - - - B \end{matrix} > A - - - - B$

↓

आकर्षण का प्रबल बल

● $\Delta H_{mix} = -ve$

● $\Delta V_{mix} = -ve$ (1L + 1L < 2L)

● $\Delta S_{mix} = +ve$

● $\Delta G_{mix} = -ve$

eg. $H_2O + CH_3OH$.
$H_2O + C_2H_5OH$
C_2H_5OH + हैक्सेन
C_2H_5OH + साइक्लोहेक्सेन

$CHCl_3 + CCl_4 \rightarrow$

eg. $H_2O + HCOOH$
$H_2O + CH_3COOH$
$H_2O + HNO_3$
$CHCl_3 + CH_3OCH_3$



द्विध्रुव द्विध्रुव आकर्षण दुर्बल

$P^0_A > P^0_B$





स्थिरक्वाथी मिश्रण



$P^0_A > P^0_B$





स्थिरक्वाथी मिश्रण



अभिश्रणीय द्रव

- इसे अशुद्धदता से एक कार्बनिक द्रव वाले शुद्ध रूप से प्रयुक्त करते है।
- जब दो द्रवों को इस तरह मिलाया जाऐ कि वो आपस में मिश्रित नहीं होते है तब

$P_{total} = P_A + P_B$
$P_A = P_A^0 X_A$
$X_A = 1$
$P_A = P_A^0$
$P_B = P_B^0 X_B$
$X_B = 1$
$P_B = P_B^0$

$P_{total} = P_A^0 + P_B^0$

$$\frac{P_A^0}{P_B^0} = \frac{n_A}{n_B}$$

$$\frac{P_A^0}{P_B^0} = \frac{W_A M_B}{M_A W_B}$$

$$P_A^0 = \frac{n_A RT}{V}; P_B^0 = \frac{n_B RT}{V}$$



विलयन का क्वथनांक बिन्दु पृथक रूप से शुद्ध दोनों द्रवों के क्वथनांक से कम होता है की तुलना में कम होता है।

- **नन्सर्ट वितरण नियम**



$$K = \frac{\text{द्रव्य A में C की सान्द्रता}}{\text{द्रव्य B में C की सान्द्रता}} = \frac{g/litre}{g/litre} = \frac{P \text{ in atm}}{P \text{ in atm}}$$

यह अनुपात एक पदार्थ की सान्द्रता से अमिश्रणीय द्रव्यों की परत है विलायक निष्कर्षण में हम नन्सर्ट वितरण का उपयोग करते है।, परनतु विलायक इस तरह का होना चाहिए कि जिसका योगिक अभिक्रिया नहीं करता हो तथा संयोजन व वियोजन नहीं होता है।

निष्कर्षण विधि में द्रव B के विलायक का उपयोग, द्रव A से ठोस के निष्कर्षण के लिये किया जाता है।

$$W_1 = \left(\frac{KV}{v + KV}\right)^n W$$

n = पदों की संख्या

$W_1 \rightarrow$ पदार्थ के बचे हुए अनिष्कर्षण का भार

$K \rightarrow$ वितरण स्थिरांक

$V \rightarrow$ द्रव A का आयतन

$v \rightarrow$ द्रव B का आयतन जिसका उपयोग पृथक्करण के लिए

$W \rightarrow$ निष्कर्षण से प्रदार्थ का भार

- **हैनरी का नियम :**

यह नियम गैस का द्रव में विलेय शीलता को बताता है अर्थात किसी गैस का द्रव्यमान किसी विलायक में प्रति इकाई आयतन घोलने पर यह साम्यवस्था पर द्रव के साथ गैस के दाब के समानुपाती होता है।

$m \alpha p$

$m = kp$

$$m \rightarrow \frac{\text{गैस का भार}}{\text{द्रव का आयतन}}$$

$k \rightarrow$ हेनरी स्थिरांक (atm^{-1} में)

$p \rightarrow$ गैस का दाब

$n_2 = k' P$

$X_2 = k'' p$

Summary

विलयन वह संभामी मिश्रण है, जो छोटे अणु या प्रारूपी आयन के आकार के समान कण रखते है। पदार्थ को एक अवस्था से अन्य दूसरी अवस्था में मिश्रित कर सकते है। सात प्रकार के विलयनों के साथ विलयन जो कि गैस या ठोस को द्रव में घोलता है। घुला हुआ पदार्थ विलयन कहलाता है। तथा द्रव विलायक कहलाता है।

विलायक में विलेय की घुलनशीलता मुक्त ऊर्जा परिवर्तन के साथ होती है। अर्थात $\Delta n = \Delta n - T\Delta s$ एन्थैल्पी परिवर्तन ही विलयन की ऊष्मा (ΔH_{soln}) है। तथा एन्ट्रोपी परिवर्तन ही विलयन की एन्ट्रोपी है। (ΔS_{sonl}) विलयन की ऊष्मा धनात्मक या ऋणात्मक हो सकती है। यह विलायक–विलायक, विलेय–विलेय तथा विलयाक–विलेय, अन्तर्राण्विक बल के आपेक्षित साम्थर्य पर निर्भर करता है। विलयन की एन्ट्रोपी को धनात्मक लेते है, क्योंकि जब शुद्ध विलेय एक शुद्ध विलायक में घुलता है तो इसकी याद्रच्छिकता बढ़ती है।

विलयन की सान्द्रता को कई पदों में व्यक्त कर सकते है, मोलरता को सम्मिलित करते हुए (विलेय के मोल प्रतिलीटर विलयन में) मोल प्रभाज (विलेय के मोल प्रतिलीटर विलयन में) प्रतिर्शत द्रव्यमान (विलेय का द्रव्यमान प्रति द्रव्यमान विलयन 100% में) तथा मोललता (विलेय के मोल प्रतिकिलोग्राम विलयन में) जब साभ्य प्राप्त होता है। विलेय तुरन्त दिये गए विलायक में नहीं घुलता है।

विलेयता ताप पर निर्भर करती है, यद्यपि यह अक्सर नहीं होता है। ताप बढ़ाने पर गैस सॉल घटता है। परन्तु ठोस की विलेयता बढ़ या घट सकती है। हैनरी के नियमानुसार गैसो के विलेयता दाब पर निर्भर करती है। दिए गए दाब पर द्रव में गैस को विलेयता गैस विलयन के आशिक दाब के समानुपाती होती है। शुद्ध विलायक के साथ तुलना करने पर एक दिये गए ताप पर विलयन का वाष्प दाब हिमांक में अवनमन तथा क्वथनांक उन्नयन करता है। इसे एक विलयन में विलायक की दर जो जिस विधि द्वारा दिया जाता है, परासरण कहलाता है। उपरोक्त सभी चारों गुण विलयनों के केवल सान्द्रता पर निर्भर करते है जिसे कि घोला जाता है। विलेय को रासायनिक पहचान पर इसे अणुसंख्यक गुणधर्म कहते है। इनके मूलभूत अणुसंख्यक गुणधर्म के कारण समान होते है। विलायक की उच्च एन्ट्रापी एक विलयन में शुद्ध विलायक की तुलनात्मक रूप से समान होती है।

अणुसंख्यक गुणधमों का उपयोग प्रायोगिक रूप से किया जाता है। बर्फ का लवण द्वारा गलने में तथा समुद्री जल का पश्च परासरण द्वारा आसवन तथा वाष्पशील द्रवों का प्रभाजी आसवन द्वारा पृथक्करण, शुद्धिकरण तथा परासरणी दाब के मापन द्वारा आण्विक द्रव्यमान को निर्धारित किया जाता है।


Mixtures
can be
Homogeneous
Heterogeneous
classified by particle size as
Colloids
Solutions
formation depends on
Intermolecular
comprised of
can be
between
Solute
Solvent
Not saturated
Saturated
Supersaturated
1) Solvent-solvent
2) Solute-solute
3) Solvent-solute
in relative amounts expressed using
for which solute:solvent ratio is the
Concentration units
Solubility
as reflected in
which include
which depends on
Heat of solution ΔH_{soln}
Entropy of solution ΔS_{soln}
Molarity M
Molality m
Mass percent mass %
Mole fraction X
Pressure
Temperature
expressed in
Colligative properties
exhibit
Henry's law
such as
Vapor-pressure lowering
Boiling-point elevation
Freezing-point depression
Osmotic pressure
expressed by
Raoult's law
$T_b = i K_b$ molality
$\pi = i$ CRT
$T_f = i K_f$ molality
$\frac{P - P_s}{P_s} = \frac{w}{m} \times \frac{M}{W}$
$K_b = \frac{RT_b^2}{1000 \times L_{vap}}$
$K_f = \frac{RT_f^2}{1000 \times L_{fus}}$

Exercise # 1

PART - I : SUBJECTIVE QUESTION

SECTION (A) : CONCENTRATION TERMS :

1. उस NaOH विलयन की g/ml में सान्द्रता परिकलित कीजिए जिसकी नार्मलता 0.0365 g/ml सान्द्रता वाले HCl विलयन के समान है।

2. सोडियम थायोसल्फेट ($Na_2S_2O_3$) के 3 M विलयन का घनत्व 1.58 g/ml है। परिकलित कीजिए।
(i) % w/w में $Na_2S_2O_3$ की मात्रा
(ii) $Na_2S_2O_3$ की मोल प्रभाज
(iii) Na^+ व $S_2O_3O_3^{2-}$ आयनों की मोललता

3. H_2SO_4 (घनत्व = 1.20 /mL) के 30% (w/w) तथा H_2SO_4 (घनत्व = 1.60 g/mL) के 70% (w/w) के समान आयतनों को मिलाकर बनाए गये विलयन की मोललता व मोलरता की गणना कीजिए।

SECTION (B) : OSMOSIS AND OSMOTIRC PRESSURE :

4. सेलुलोज एसीटेट का अणुभार परिकलित कीजिए यदि एसीटोन में इसका 0.2% (wt./vol.) विलयन (विशिष्ट घनत्व = 0.8), 27^0C (R = 0.082 L atm mol^{-1} K^{-1} मर्करी का विशिष्ट घनत्व = 13.6)

5. विलयन A के 10 g व विलेय B के 20 g को 50 ml जल में घोला जाता है। इस विलयन का परासरणी दाब उस विलयन के समान है जिसमें समान ताप पर जल के समान आयतन में A के 6.67 g व B के 30 g घोले जाते है। A व B के अणुभारों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

6. 2^0C पर एक यूरिया विलयन का परासरणी दाब 500 mm Hg है। विलयन को तनु किया जाता है तथा ताप को 27^0C तक बढ़ाया जाता है, उस समय परासरणी दाब 109.09 mm Hg पाया जाता है। ज्ञात कीजिए विलयन को कितना तनु किया गया ?

7. 27^0C पर एक ग्लूकोस 1.2% (wt/vol.) विलयन, यूरिया विलयन के 4.0 g/litre के साथ समपरासरणी है। यूरिया का मोलर द्रव्यमान ज्ञात करो तथा यदि प्रत्येक का 100 mL, 27^0C पर मिश्रित किया जाये तो विलयन का परासरणी दाब बताइये। (R = 0.082 L atm mol^{-1}, ग्लुकोस का अणुभार = 180 g/mole)

SECTION (C) : VONT HOFF FACTOR AND ITS APPLICATIONS :

8. (a) निम्नलिखित के परासरणी दाब का क्रम बताइये (मान लिजिए लवण 100% वियोजित होते है)
I 0.1 M यूरिया
II 0.1 M NACl
III 0.1 M Na_2SO_4
IV 0.1 M Na_3PO_4
(b) यदि इन सभी विलयनों के समान आयतन मिश्रित किये जाऐं तो 300 K पर प्राप्त परिणामी विलयन का परासरणी दाब परिकलित कीजिए।

9. 0.01 M $BaCl_2$ के 20 ml को 0.01 M NaF के 30 ml के साथ 27^0C पर मिलाने पर प्राप्त विलयन का परासरणी दाब (टोर में) क्या होगा ? K_{SP} (BaF_2) = 2.4×10^{-5}, R = 0.082 lit atm mol^{-1} K^{-1}, 1 atm = 760 टोर ।

10. (a) 0.001 M सुक्रोस के जलीय विलयन को एक अर्द्धपरागम्य झिल्ली दूसरे 0.01 M सुक्रोस के जलीय विलयन से पृथक करती है। इनमें से किस विलयन में दाब लगाना चाहिए ताकि निकाय साम्य में आ जाये। इस दाब का मान भी ज्ञात कीजिये यदि T = 298 K.
(b) समुद्र के जल में 0.47 M NaCl तथा 0.068 M $MgCl_2$ पाया जाता है। 1 लीटर समुद्र जल से पश्च परासरण (reverse osmosis) द्वारा प्राप्त स्वच्छ जल का अधिकतम आयतन क्या है, यदि 25^0C पर अधिकतम 100 atm दाब प्रयुक्त किया जा सकता हो ?

11. 27^0C पर 17.4% (भार/आयतन) K_2SO_4 विलयन 5.85% (भार/आयतन) NaCl विलयन के समपरासरी है। यदि NaCl को 100% आयनीकृत माना जाये तो जलीय विलयन में K_2SO_4 का % आयनन (ionisation) क्या है ?

SECTION (D) : RELATIVE LOWERING OF VAPOUR PRESSURE (RAOULT'S LAW):

12. 80^0C पर जल का वाष्प दाब 355 टोर है। 80^0C पर एक 100 ml के पात्र में जल–संतृप्त ऑक्सीजन उपस्थित ह। तब गैस का कुल दाब 760 टोर है। समान ताप पर पात्र के अवयवों को एक 50.0 ml पात्र में स्थानान्तरित किया गया तब ऑक्सीजन तथा जल वाष्प का आंशिक दाब क्या होगा ? अंतिम साम्यावस्था पर कुल दाब क्या है ? जल के संघनित आयतन को नगण्य मानिये।

13. (a) H_2O के 180 g में 10 g अवाष्पशील विलेय को घोलकर एक विलयन तैयार किया जाता है। यदि वाष्प दाब का आपेक्षित अवनमन 0.005 है।, तो विलेय का अणुभार ज्ञात कीजिए।

(b) 90 g जल में सुक्रोस $C_{12}H_{22}O_{11}$ के कितने ग्राम घोले जाने चाहिये ताकि उस विलयन पर आपेक्षित आर्द्रता 80% हो ? मान लिजिए कि विलयन आदर्श है।

14. 25^0C पर 100 g जल में 20 g विलेय मिलाया जाता है। शुद्ध जल का वाष्प दाब 23.76 mmHg है ; तथा विलयन का वाष्प दाब 22.41 टोर है।

(A) विलेय के अणुभार की गणना करो।

(B) शुद्ध जल के लिये वाष्प दाब के मान को आधा करने के लिये 100 g जल में विलेय का कितना भार चाहिए ?

15. 100 g काल्पनित विलायक (मोलर द्रव्यमान = 50) में 2 g अवाष्पशील हाइड्रोकार्बन विलेय को घोला जाता है। यदि 20^0C पर वाष्प दाब 75^0 से 74.50 mm Hg कम कर देता है। दिया गया है कि हाइड्रोकार्बन 96% कार्बन युक्त है, हाइड्रोकार्बन का आण्विक सूत्र क्या है ?

16. 7 g, $Ca(NO_3)_2$ प्रति 100 g जल में घोलकर विलयन बनाया जाता है। इसमें $Ca(NO_3)_2$ का वियोजन 70% है। यदि 100^0C पर जल का वाष्प दाब 760 mm Hg है। तब विलयन के वाष्प दाब की गणना कीजिए।

17. एक बल्ब, जिसमें 40 g अनअपघट्य विलेय को 360 g जल में घोला जाता है, में से शुष्क वायु प्रवाहित की जाती है फिर यही वायु समान ताप पर दूसरे बल्ब जिसमें, शुद्ध जल युक्त है, में से प्रवाहित करीय जाती है तथा आखिर में एक ट्यूब में से जिसमें प्रबल H_2SO_4 के साथ एक प्यूमिस (एक पत्थर जो जल को अवशोषित करता है) को रखा गया है, से प्रवाहित कराया जाता है। जल के बल्ब में 0.0870 ग्राम का ह्रास होता है तथा सल्फ्यूरिक अम्ल 2.036 gm ग्राम वृद्धि करता है। विलेय का आण्विक भार परिकलित कीजिए।

18. (a) दो बीकर एक बन्द प्रारूप में रखे जाते है पहला बीकर 100 mL शुद्ध जल तथा दूसरा एक समान आयतन वाला शर्करा का जलीय विलयन है। जब सभी भौतिक परिवर्तन रूक जाए अर्थात् साम्यवस्था की स्थिति प्राप्त है, दोनों बीकर में द्रव का आयतन क्या होगा।



(b) एक बीकर 100 g जल में 20 g शर्करा तथा एक और 100 g जल में 10g शर्करा युक्त है तथा इनको एक बेल–जार (bell-jair) में तब तक रखा जाता है जब तक की साम्य स्थापित नहीं हो जाता है। एक बीकर से दूसरे में कितना जल स्थानांतरित होता है।

19. 65 g बेंजीन में 1.5 g में एथिल बेंजाएट युक्त विलयन का घनत्व 0.8 g/cc तथा 80^0C पर वाष्प दाब 747 mm Hg है। यदि शुद्ध बेन्जीन का वाष्पदाब 756 mm Hg है। विलयन का परासरण दाब टॉर में क्या होगा ?

नोट : विलेय कुछ मात्रा में विलायक में संयोजित हो सकता है।

SECTION : (E) ELEVATION IN BOILING POINT :

20. t^0C पर फ्लोरोबेन्जीन का वाष्प दाब निम्न समीकरण द्वारा दिया जाता है।

$$\log p \text{ (mm Hg)} = 7.0 - \frac{1250}{t + 220}$$

^0C में द्रव का क्वथनांक ज्ञात कीजिए यदि (प्रवाहित) बाह्य दाब आवश्यक शुद्ध विलायक सामान्य क्वथनांक की तुलना में 5.26% अधिक है। (log 2 = 0.3)

21. (a) 50 g CCl_4 में 0.5 g नेफ्थेलिन उपस्थित है जिससे क्वथनांक में उन्नयन 0.4 K है, जबकि एक विलयन जिसमें इसी विलायक के समान द्रव्यमान में 0.6 g अज्ञात विलेय उपस्थित है, जिससे क्वथनांक उन्नयन 0.65 K प्राप्त होता है। विलेय का अणुभार ज्ञात कीजिए।

(b) एक विलयन, जिसमें 0.1 g विलेय 16 ईथर में मिलाकर बनाया जाता है, का क्वथनांक शुष्क ईथर के क्वथनांक से 0.100^0C अधिक पाया गया। पदार्थ का अणुभार क्या है ? K_b (ईथर) = 2.16 K kg mol^{-1}

22. कार्बनडाइसल्फाईड के 100 g में सल्फर के 5 g मिलाकर बनाये गये विलयन का क्वथ्नांक शुद्ध विलायक से 0.474^0C अधिक है। इस विलायक में सल्फर के आण्विक सूत्र की गणना कीजिए। शुद्ध कार्बनडाइसल्फाइडट का क्वथनांक 47^0C है तथा इसके वाष्पन की ऊष्मा 84 कैलारी/ग्राम है।

SECTION (F) : DEPRESSION IN FREEZING POIT :

23. अमोनिया के 0.01 मोलल विलयन का गलनांक -0.02^0C है। वाण्टहॉफ गुणांक (i) की गणना करो तथा पानी में अमोनिया के वियोजन की प्रतिशत ज्ञात करो। ($K_{f(H_2O)}$) =1.86 deg $molal^{-1}$.

24. 200 g जल में 1 g एकक्षारीय अम्ल को घोलने पर इसका जमाव बिन्दु 0.186^0C से कम हो जाता है। उसी अम्ल का 1 जल में घोलने पर 200 mL का विलयन बनाया जाता है। यह विलयन 0.1 N NaOH के 125 mL को पूर्णतया उदासीन करने के लिए आवश्यक है तब अम्ल के लिए α का प्रतिशत ज्ञात करो। ($K_f = 1.86 \frac{K-kg}{mol}$)

25. 30 g/mole अणुभार वाले अज्ञात विलायक में अवाष्पशील विलेय के एक विलयन का हिमांक ज्ञात कीजिए। यदि विलायक का मोल अंश 0.8 है। दिया गया है। ठोस विलायक के गलन की गुप्त ऊष्मा = 2.7 kcal mol^{-1}, विलायक का हिमांक = 27^0C तथा R = 2cal mol^{-1} k^{-1} है।

26. आण्विक सूत्र $Pt(NH_3)_4Cl_4$ का आयनिक संकुल के 0.001 मोलल जलीय विलयन का जमाव बिन्दु जल से 0.0054^0C कम हो जाता है। यह मानकर कि उपरोक्त यौगिक 100% आयनित होता है तथा जल के लिये k_f 1.86 k kg mol^{-1} है।
(i) उपरोक्त यौगिक का IUPAC नाम लिखिए।
उपरोक्त यौगिक के 0.001 मोल को लेते है तथा इसमें $AgNO_3$ (जलीय) पर्याप्त मात्रा में मिलाते है Cl^- आयनों का AgCl के रूप में अवक्षेपण होता है। अवक्षेप को फिल्टर करके सुखा लेते है। इसके घोलने के लिए रससमीकरणमिति के अनुसार आवश्यक NH_3 आयतन के 5 गुने की अवश्यकता होती है।
(ii) इसके लिए 1 M NH_3 का कितना आयतन आवश्यक है।
(iii) बने हुए द्वितीय संकुल का IUPAC नाम लिखिए।
यह मानें कि मोललता मोलरता के समान होती है।

27. 1000 g बेन्जीन में 7.32 g ट्राइफेनिल मेथेन युक्त विलयन को बेंजीन के जमाव बिन्दु से 0.2^0C कम किया जाता है तो पृथम हुई बेन्जीन का द्रव्यमान ज्ञात कीजिए ?
$K_f = 5.12 \frac{K-kg}{mol}$

SECTION (G) : RAOULT'S LAW:

28. 300 K ताप पर दो द्रव A तथा B एक आदर्श विलयन बनाते है। समान ताप पर A के 1 मोल तथा B के 3 मोल का वाष्पदाब 550 mm Hg है। यदि B का एक मोल और इस विलयन में मिलाया जाता है तब विलयन का वाष्प दाब 10 mm Hg से बढ़ जाता है। तब A तथा B की शुद्ध अवस्थाओं में वाष्प दाब की गणना कीजिए।

29. (a) दो द्रव A तथा B आदर्श विलयन बनाते है। किसी ताप पर शुद्ध A का वाष्प दाब 220 mm Hg जबकि शुद्ध B का 75 mm Hg है। यदि मिश्रण के ऊपर वाष्प में 50 मोल प्रतिशत A है, तो द्रव में A के कितने मोल प्रतिशत रहे।गे।

(b) 80^0C पर शुद्ध बेन्जीन व शुद्ध टालूईन के वाष्पदाब 753 mm Hg व 290 mm H है। द्रव के संगठन की गणना मोल प्रतिशत में ज्ञात कीजिए जो कि यदि 80^0C पर जिसमें कि वाष्प, जो बेंजीन के मोल प्रतिशत 30 युक्त है, के साथ साम्य में है।

30. 50^0C पर C_6H_6 तथा C_7H_8 के मिश्रण का वाष्प दाब, y P (mm Hg) = $180X_B$ + 90, दिया है। जहाँ X_B, C_6H_6 का मोल प्रभाज है। एक विलयन जिसे 936 gm बेंजीन तथा 736 gm टालूईन को मिश्रित करके बनाया गया है तथा यदि इस विलयन पर वाष्प को हटा दिया जाये तथा इसे द्रव में संघनित कर दिया जाए तथा यह दुबारा 50^0C ताप पर पहुंच जाता है तब वाष्प अवस्था में C_6H_6 को मोल प्रभाज क्या होगा। **(At. wt. of C = 12, H = 1)**

SECTION H) : IDEAL AND NON-IDEAL SOLUTIONS AND FRACTIONAL AND STEAM DISTILLATION :

31. नियत ताप पर द्रव 'A' का वाष्प दाब 170 mm Hg है तथा 'B' का वाष्प दाब 280 mm Hg है। समान ताप पर दोनों का विलयन जिसमें A का मोल प्रभाज 0.7 तथा कुल वाष्प दाब 376 mm है। तो बताइये की विलयन बनाने की प्रक्रिया ऊष्माक्षेपी या ऊष्माक्षेपी है ?

32. 99.2^0C तथा एक वायुमण्डलीय दाब पर एक कार्बनिक द्रव तथा जल के मिश्रण को आसवित किया जाता है। आसवन द्रव A के 1 ग्राम प्राप्त करने के लिए भाप के कितने ग्राम को संघनित किया जाये। (99.2^0C पर जल का वाष्पदाब 739 mm Hg. (A का अणुभार = 123).

t^0C	P_1^0 (mm Hg)	P_2^0 (mm Hg)
98.0	707.27	7.62
98.5	720.15	7.80
99.0	733.24	7.97
99.5	746.52	8.15
100.0	760.00	8.35

क्विनोलीन का अणुभार = 129

PART - II : OBJECTIVE QUESTIONS

SECTION (A) : CONCENTRTION TERMS :

1. जल के 36 g एवम् ग्लिसरीन् के 46 g के एक विलयन में $C_3H_5(OH)_3$ का मोल प्रभाज निम्न है :
(A) 0.46 (B) 0.36 (C) 0.20 (D) 0.40

SECTION (B) : OSMOSIS AND OSMOTIC PRESSURE :

2. (A) ($C_6H_{12}O_6$) ग्लूकोस का एक विलयन यूरिया (NH_2 - CO - NH_2) के 4g प्रति लीटर के विलयन के साथ ग्लूकोस की सान्द्रता है :
(A) 4 g/ℓ (B) 8 g/ℓ (C) 12 g/ℓ (D) 14 g/ℓ

(b) एक पदार्थ का विलयन जो प्रति 100 ml में 1.05 g युक्त होता है।, 3% ग्लूकोस विलयन के साथ सम–परासरणी पाया जाता है। पदार्थ का आण्वि द्रव्यमान निम्न है :
(A) 31.5 (B) 6.3 (C) 630 (D) 63

3. ग्लूकोस के 30% विलयन का परासरण दाब 1.20 atm तथा गन्ने की शर्करा के 3.42% विलयन का परासरण दाब 2.5 atm है। दोनों विलयनों के समान आयतन युक्त मिश्रण का परासरण दाब होगा।
(A) 2.5 atm (B) 3.7 atm (C) 1.85 atm (D) 1.3 atm

SECTION (C) : VONT HOFF FACTOR AND ITS APPLICATIONS :

4. (a) 0.1 m एकक्षारीय अम्ल का pH_2 है। इसलिए दिये गये ताप TK पर इसका परासरण दाब है।
(A) 0.1 RT (B) 0.11 RT (C) 1.1 RT (D) 0.01 RT

(b) $BaCl_2$, NaCl एवम् ग्लूकोस के सममोलर विलयनों के परसरण दाब का क्रम है।
(A) ग्लूकोस > NaCl > $BaCl_2$ (B) $BaCl_2$ > NaCl > ग्लूकोस
(C) NaCl > $BaCl_2$ > ग्लूकोस (D) NaCl > ग्लूकोस > $BaCl_2$

(c) $NaHSO_4$ के अनन्त तनु विलयन के वान्हॉफ गुणांक i है :
(A) 1/2 (B) 1/3 (C) 3 (D) 2

(d) दिये गये इलेक्ट्रोलाइट A_xB_y के लिये वियोजन की कोटि दी जा सकती है :
(A) $\alpha = \frac{i-1}{x+y-1}$ (B) $i = (1-\alpha) + x\alpha + y\alpha$ (C) $\alpha = \frac{1-i}{1-x-y}$ (D) उपरोक्त सभी

5. तापमान T पर अधिकतम परासरण दाब है :
(A) 1 M यूरिया विलयन के 100 mL का (B) 1 M ग्लूकोस विलयन के 300 mL का
(C) 1 M यूरिया विलयन के 100 mL एवं 1 M ग्लूकोस विलयन के 300 mL के मिश्रण का
(D) सभी समपरासरणी है।

6. 27^0C पर रक्त का परसरण दाब 7.40 atm है। अन्तः शिरीय इंजैक्शन के लिए प्रति लीटर ग्लूकोस के मोलों की संख्या जो कि रक्त के सामन ही परासरण दाब उत्पन्न करे।
(A) 0.3 (B) 0.2 (C) 0.1 (D) 0.4

7. बेरियम आयन, CN^- और o^{2+} एक आयनिक संकुल बनाते है। यदि माना यक संकुल पानी में 75% आयनित होता है, साथ ही वान्टहॉफ फेक्टर 'i' चार के बराबर हो, सब संकुल में Co^{2+} की समन्वय संख्या होगी :
(A) 6 (B) 5 (C) 4 (D) 6 और 4 दोनों

SECTION (D) : RELATIVE LOWERING OF VAPOUR PRESSURE (RAOULT'S LAW):

8. (a) जल का वाष्प दाब निर्भर करता है –
(A) पात्र के पृष्ठीय क्षेत्रफल पर (B) पात्र के आयतन पर
(C) तापमान (D) उपरोक्त सभी

(b) निम्न पदार्थों में से, न्यूनतम वाष्प दाब किसका है–
(A) जल (B) मर्करी (C) कैरोसीन (D) परिशोधित स्पिरिट

9. (a) 298K, 750 mm Hg पर वायु के एक नमूने को बेंजीन (298K पर 100mm Hg) के साथ संतृप्त किया जाता है। यदि यह इसके प्रारंभिक आयतन का एक तिहाई समतापीय रूप से संपीडीत किया जाता है तो निका का अंतिम दाब निम्न हे–
(A) 2250 torr (B) 2150 torr (C) 2050 torr (D) 1950 torr

(b) एक पात्र में नाइट्रोजन गैस और पानी की वाष्प साम्य पर द्रवित पानी के साथ कुल दाब 1 atm पर उपस्थित है। पानी की वाष्प का आंशिक दाब 0.3 atm. है। इस पात्र के आयतन को इसके मूल आयतन से समान ताप एक तिहाई कम देते है। तब निकाय का कुल दाब होगा – (द्रव पानी द्वारा घेरा गया आयतन नगण्य)
(A) 3.0 atm (B) 1 atm (C) 3.33 atm (D) 2.4 atm

10. नियत ताप पर, निम्न में से किस प्रक्रम के लिए ΔS अधिकतम होगा।
(A) शुद्ध विलायक का वाष्पीकरण
(B) अवाष्पशील व विद्युत अनअपघट्य विलेय युक्त विलयन से विलायक का वाष्पीकरण
(C) वाष्पशील, परंतु विद्युत अपघट्य विलेय युक्त विलयन से विलायक का वाष्पीकरण
(D) उपरोक्त सभी स्थितियों में एन्ट्रोपी परिवर्तन समान रहेगा।

11. यदि एक विलायक एवम् इसके विलयन के वाष्प–दाब क्रमशः p_0 एवम् p है तथा विलायक एवम् विलेय के मोल भिन्न क्रमशः N_1 व N_2 है, तो सही संबंध निम्न है :
(A) $p = p_0N_2$ (B) $p = p_0N_1$ (C) $p_0 = pN_1$ (D) $p = p_0(_1/N_1)$

12. (a) शुद्ध द्रव विलायक A का वाष्प दाब 0.80 atm है। जब एक अवाष्पशील पदार्थ B विलायक के साथ मिलाया जाता है। इसका वाष्प–दाब 0.60 atm हो जाता है। विलयन में यौगिक B का मोल–प्रभाज निम्न है :
(A) 0.50 (B) 0.25 (C) 0.75 (D) 0.40

(b) शुद्ध द्रव A का वाष्प दाब 10 टोर है तथा समान ताप पर जब B ठोस के 1 g को A के 20 g में घोला जाता है, इसका वाष्प–दाब कम होकर 9.0 टोर रह जाता है। यदि A का आण्विक द्रव्यमान 200 amu है तो B आण्विक द्रव्यमान निम्न हे :
(A) 100 amu (B) 90 amu (C) 75 amu (D) 120 amu

13. एक विलायक A में एक अवाष्पषील विलेय B के विलयन के वाष्प दबा का मान उसी ताप पर विलायक के वाष्प दाब का 95% है। यदि विलायक का अणुभार, विलेय के अणुभार का 0.3 गुना है, तो विलायक के भार के विलेय के भार से अनुपात ज्ञात करो।
(A) 0.15 (B) 5.7 (C) 0.2 (D) इनमें से कोई नहीं

14. कमरे के ताप पर पानी के वाष्पदाब में विलेय मिलाकर इसे 5% कम कर देते है। तब विलयन की मोललता लगभग है :
(A) 2 (B) 1 (C) 4 (D) 3

15. एक जलीय विलयन में 3 मोल H_2O में 2 मोल $[Cu(NH_3)_3Cl]$ Cl विद्यमान है। इस विलयन के वाष्पदाब में आपेक्षित कमी 0.50 है। $AgNO_3$ के साथ विलयन की अभिक्रिया करने पर यह निम्न में से क्या बनायेगी :
(A) 1 mol AgCl (B) 0.25 mol AgCl (C) 2 mol AgCl (D) 0.40 mol AgCl

SECTION (E) : ELEVATION IN BOILING POINT :

16. 373 K पर ग्लूकोस के एक तनु जलीय विलयन का वाष्पदाब का 750 mm (Hg स्तम्भ पर) है। विलेय का मोल–प्रभाज है–

(A) $\frac{1}{10}$ (B) $\frac{1}{7.6}$ (C) $\frac{1}{35}$ (D) $\frac{1}{76}$

17. एक आवाष्पशील कार्बनिक पदार्थ जिनका अणु द्रव्यमान m है, के Yg को बेंजीन के 250 ग्राम में विलेय करते है। बेंजीन का मोलर उन्नयन नियतांक (elevation) नियतांक K_b है। इसके क्वथनांक बिन्दु में उन्नयन दिया गया है –

(A) $\frac{M}{K_bY}$ (B) $\frac{4K_bY}{M}$ (C) $\frac{K_bY}{4M}$ (D) $\frac{K_bY}{M}$

18. माना समान मोलर जलीय विलयन $NaHSO_4$ और NaCl क्वथनांक बिन्दु उन्नयन क्रमशः ΔT_b और $\Delta T'_b$ के साथ है। $\lim_{m\to 0} \frac{\Delta T_b}{\Delta T'_b}$ का होगा :

(A) 1 (B) 1.5 (C) 3.5 (D) 2 / 3

19. एक विलेय 'S' में उत्क्रमणीय त्रिकलीकरण जाता है। जब उसे किसी विलायक में घोला जाता है। इसके 0.1 मोलल विलयन के क्वथनांक उन्नयन का मान, एक विलेय (जिसका संगुणन नहीं होता है।) के 0.08 मोलल विलयन के क्वथनांक उन्नयन के मान के समान पाया गया। विलेय 'S' के त्रिलकीकरण की प्रतिशतता ज्ञात कीजिए।

(A) 30% (B) 40% (C) 50% (D) 60%

20. (a) प्रेशर कुकर खाना पकाने में समय कम लगता है, क्योकि

(A) कुकर के अन्दर ऊष्मा अधिक समान रूप से वितरित होती है।
(B) एक बड़ी ज्वाला काम में ली जाती है।
(C) जल का क्वथनांक उन्नयित हो जाता है।
(D) सारा पदार्थ, भाप में बदल जाता है।

(b) उच्च स्थानों पर, जल 100^0C से कम ताप पर उबलता है, क्योंकि

(A) उच्च स्थानों का तापमान निम्न होता है। (B) वायुमंडलीय दाब निम्न होता है।
(C) भारी जल का समानुपाती रूप से बढ़ता है। (D) वायुमंडलीय दाब अधिक हो जाता है।

21. एक इलेक्ट्रोलाइट (विद्युत अपघट्य) X_3Y_2 के 1.0 मोलल जलीय विलयन को 25% आयनित करते है, तब विलयन का क्वथनांक बिन्दु होगा। (H_2O के लिये K_b = 0.52 K kg/mol)

(A) 375.5 K (B) 374.04 K (C) 377.12 K (D) 373.25 K

22. 315 g CS_2 (46.3^0C क्वथनांक) में 25 g फॉस्फोरस युक्त विलयन 47.98^0C पर उबलता है। यदि CS_2 के लिए K_b 2.34 किलो किलोग्राम / मोल$^{-1}$ है, तो फॉस्फोरस का सूत्र (P का परमाण्वीय द्रव्यमान = 31) निम्न है :

(A) P_6 (B) P_4 (C) P_3 (D) P_2

SECTION (F) : DEPRESSION IN FREEZING POINT :

23. निम्न में से कौन हिमांक के घटते हुए क्रम में व्यवस्थित होतो है ?

(A) 0.05 M KNO_3 > 0.04 M $CaCl_2$ > 0.140 M शर्करा > 0.075 M $CuSO_4$
(B) 0.04 M $BaCl_2$ > 0.140 M सुक्रोस > 0.075 M $CuSO_4$ > 0.05 M KNO_3
(C) 0.075 M $CuSO_4$ > 0.140 M सुक्रोस > 0.04 M $BaCl_4$ > 0.05 M KNO_3
(D) 0.075 M $CuSO_4$ > 0.05 M $NaNO_3$ > 0.140 M सुक्रोस > 0.04 M $BaCl_2$

24. एक दुर्बल अम्ल (HX) का 2.0 मोलल जलीय विलयन 20 प्रतिशत आयनित होता है। इस विलयन का हिमांक है (दिया है, जल के लिए $K_f = 1.86^0$ C kg mol^{-1}) :

(A) 0.45^0C (B) -0.90^0C (C) -0.31^0C (D) -0.53^0C.

25. यदि 20 g ग्राम फिनॉल को 1 k बेंजीन में मिलाने पर हिमांक बिन्दु का अवनमन 0.69 K है। तो फिनॉल का द्विलकित प्रभाज ज्ञात कीजिए। (K_f benzene = $5.12 \frac{K-kg}{mol}$), (MW phenol = 94)

(A) 0.73 (B) 0.37 (C) 0.46 (D) 0.64

26. जल के 1000 g में $Hg(NO_3)_2$ (मोलर द्रव्यमान = 324) के 3.24 ग्राम विलेय है। जल का 1000 g एक विलयन रखता है, जिसका हिमांक बिन्दु - 0.0558°C है, इनमें $Hg(NP_3)_2$ (मोलर द्रव्यमान = 324) के 3.24 g को मिलाया जाता है जबकि 2000g जल में $HgCl_2$ (मोलर द्रव्यमान = 271) के 21.68 g को मिलाने पर विलयन का हिमांक बिन्दु -0.0744°C है। जल के लिये $K_f, 1.86 \frac{K-kg}{Mol}$ है। पानी में इन दो ठोसो की आयनन की अवस्था में बारे में कहा जा सकता है कि–

(A) $Hg(NO_3)_2$ व $HgCl_2$ दोनों का पूर्णतः आयनीकरण होता है।
(B) $Hg(NO_3)_2$ पूर्णतः आयनित होता है लेकिन $HgCl_2$ पूर्णतः अनआयनित रहता है।
(C) $Hg(NO_3)_2$ व $HgCl_2$ दोनों का पूर्णतः अनायनित रहते है।
(D) $Hg(NO_3)_2$ पूर्णतः अनायनित रहता है लेकिन $HgCl_2$ पूर्णतः आयनित रहता है।

27. $HgCl_2(\ell)$ के 50 g में 0.849 g के मर्क्यूरस क्लोराइड विलयन के लिये हिमांक बिन्दु अवनमन 1.24°C है। $HgCl_2$ के लिये K_f 34.3 है। $HgCl_2$ में मर्क्यूरस क्लोराइड की अवस्था क्या होगी। (Hg - 200, Cl - 35.5)

(A) Hg_2Cl_2 अणुओं के रूप में (B) HgCl अणुओं के रूप में
(C) Hg^+ तथा Cl^- आयन के रूप में (D) Hg_2^{2+} तथा Cl^- आयन के रूप में

28. 500 gms जल में सुक्रोज के कितने मोल घोले जाने चाहिऐ ताकि ऐसा विलयन प्राप्त किया जा, जिसके क्वथनांक व हिमांक में 104°C का अन्तर हो ? (K_f = 1.86 K Kg mol^{-1}, K_b = 0.52 K Kg mol^{-1})

(A) 1.68 (B) 3.36 (C) 8.40 (D) 0.840

29. x मोल KCl व y मोल $BaCl_2$ दनों 1 kg जल में घोल गए। दिया है x + y = 0.1 तथा जल के लिए K_f = 1.85 K/molal है। यदि x व y का अनुपात परिवर्तित होता है तो ΔT_f की प्रेक्षित परास क्या होगी :

(A) 0.37° से 0.55° (B) 0.185° से 0.93° (C) 0.56° से 0.93° (D) 0.37° से 0.93°

30. सुक्रोज का x मोल विलयन 100 ग्राम पानी में -0.2°C पर जमता है। जब बर्फ को अलग कर लेते है। हिमांक बिन्दु 0.25°C कम हो जाता है। बर्फ के कितने ग्राम को अलग किया जाता है।

(A) 18 ग्राम (B) 20 ग्राम (C) 25 ग्राम (D) 23 ग्राम

SECTION (G) : RAOULT'S LAW :

31. (a) एक आदर्श विलयन के लिए निम्न में से कौनसा सही नहीं है ?

(A) रॉउल्ट नियम, सभी सान्द्रता परास एवम् तापमान की पालना करती है।
(B) $\Delta H_{mix} = 0$ (C) $\Delta V_{mix} = 0$ (D) $\Delta S_{mix} = 0$

(b) निम्न में से कौन आदर्श विलयन के लिए शून्य से कम है ?

(A) ΔH_{mix} (B) ΔV_{mix} (C) ΔG_{mix} (D) ΔS_{mix}

32. 323 K पर, मेथेनॉल–एथेनॉल विलयन का मिलिमीटर मरकरी के वाष्पदाब समीकरण p = 120 X_A + 140 द्वारा प्रदर्शित किया जाता है, जहाँ X_A मेथेनॉल का मोल प्रभाज है। तब $\lim_{x_A \to} \frac{p_A}{X_A}$ का मान है–

(A) 250 mm (B) 140 mm (C) 260 mm (D) 20 mm

33. एक मिश्रण का क्वथनांक बिन्दु ज्ञात करो जिसमें 1560 g बेंजीन (मोलर इद्रव्यमान = 78) और 1125 g क्लोरो बेंजीन (मोलर द्रव्यमान = 112.5) है। तथा 1000 टोर के बाहरी दाब रखा है। माना एक आदर्श विलयन है।



(A) 90°C (B) 100°C

(C) 110° (D) 120°C

34. 20°C पर बेंजीन, टॉलुइन और जाइलीन का वाष्प दाब 75 टोर 22 टोर और 10 टोर है। 20°C पर इस समान द्विघटकीय/त्रिघटकीय विलयन के वाष्प दाब का निम्न में से कौनसा मान सम्भव नहीं है।

(A) $48\frac{1}{2}$ (B) 16 (C) $35\frac{2}{3}$ (D) $53\frac{1}{2}$

35. असत्य वाक्य को पहचानिये –
(A) विलयन का आयतन, विलयन (दो द्रवों का द्विघटकीय विलयन) को बनाने में प्रयोग किए गये शुद्ध विलायक व विलेय के आयतनों के योग से कम नही हो सकता।
(B) नियत T व P पर, आदर्श विलयन के लिए ΔG_{mix} आवश्यक रूप से ऋणात्मक होगा।
(C) एक आदर्श द्विघटकीय विलयन $(p_A^0 \neq p_B^0)$ एक स्थिरस्वाथी मिश्रण नहीं बना सकता।
(D) द्विघटकीय विलयनों में आदर्शवाद एक नियम के बजाय एक अपवाद अधिक है।

SECTION (H) : IDEAL AND NON-IDEAL SOLUTIONS AND FRACTIONAL AND STEAM DISTILLATION :

36. 25^0C यदि शुद्ध द्रव्यों 'A' व 'B' का वाष्प दाब 300 और 800 टोर है। जब इन दो द्रवों को इस ताप पर एक विलयन बनाने के लिये मिलाया जाये जिसमें B का मोल प्रतिशत 92 है। तब कुल वाष्प दाब 0.95 atm प्राप्त होता है। इस विलयन के लिये निम्न में से कौनसा सत्य है।
(A) $\Delta V_{mix} > 0$ (B) $\Delta H_{mix} < 0$ (C) $\Delta V_{mix} = 0$ (D) $\Delta H_{mix} = 0$

37. माना (p_A^0 = 300 torr, p_B^0 = 800 torr) वाष्पशील द्रव का द्विघटकीय मिश्रण है। यदि X_A = 0.4 पर विलयन का वाष्प दाब 580 तब मिश्रण हो सकता है।
